## खबर संक्षेप

### बाटा का मुनाफा 15 प्रतिशत बढ़कर 83 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** जूता-चप्पल बनाने वाली कंपनी बाटा लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध मुनाफा दिसंबर 2022 को समाप्त तीसरी तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़कर 83.19 करोड़ रुपये रहा। बाटा इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्तवर्ष की समान अवधि में 72.32 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

### सोने में 475 रुपए की गिरावट, चांदी भी कमजोर



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट रहने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 475 रुपये की गिरावट के साथ 56,345 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 56,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

### एनएसई का कच्चे तेल, गैस अनुबंधों के लिए सीएमई से करार



**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई ने डब्ल्यूटीआई कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस अनुबंधों के लिए डेरिवेटिव मार्केटप्लेस सीएमई ग्रुप के साथ एक डेटा लाइसेंस समझौता किया है। सीएमई ग्रुप के डेरिवेटिव मंच पर डब्ल्यूटीआई कच्चे तेल एवं गैस अनुबंधों को सूचीबद्ध करने, व्यापार करने और उनका निपटान करने की सुविधा मिलेगी।

# अडाणी समूह ने कहा, हमारा बही-खाता काफी अच्छी स्थिति में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अडाणी समूह ने अपनी कंपनियों के शेयरों में जारी उठापटक के बीच बुधवार को निवेशकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उसका बही-खाता 'बहुत अच्छी' स्थिति में है और उसकी नजर कारोबार वृद्धि की रफ्तार कायम रखने पर टिकी हुई है।

- समूह आंतरिक नियंत्रण, अनुपालन और संचालन को लेकर आश्वस्त

अमेरिकी निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडाणी समूह पर शेयरों के दाम गलत तरीके से बढ़ाने का आरोप लगाए जाने के बाद से समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इससे निवेशकों के हितों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

## समूह की नजर कारोबार वृद्धि की रफ्तार कायम रखने पर टिकी हुई

### निवेशकों को तगड़ा रिटर्न देने आश्वस्त

सिंह ने कहा, 'हमारा बही-खाता बहुत अच्छी स्थिति में है। हमारे पास उद्योग की अग्रणी विकास क्षमता, मजबूत कंपनी संचालन, सुरक्षित संपत्तियां एवं सशक्त नकद प्रवाह है। मौजूदा बाजार के स्थिर होते ही हम अपनी पूंजी बाजार रणनीति की समीक्षा करेंगे लेकिन इस तरह का कारोबार देने की क्षमता को लेकर आश्वस्त हैं जो शेयरधारकों को तगड़ा रिटर्न दे सकें।'

### समूह कई क्षेत्रों में अगुवा बनकर उभरा

सीएफओ ने कहा कि समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयरधारकों को मूल्य दिलाने के लिए अनुशासित तरीके से पूंजी लगाने का 25 वर्षों का इतिहास रहा है और इस अवधि में समूह की कंपनियां कई क्षेत्रों में अगुवा बनकर उभरी हैं।




### समूह अपने कर्जों को चुकाने की क्षमता रखता है

अडाणी समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) जुगशिंदर सिंह ने तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद एक निवेशक चर्चा में कहा कि समूह अपने आंतरिक नियंत्रण, अनुपालन और कंपनी संचालन को लेकर आश्वस्त है। समूह ने अपनी कंपनियों के वित्तीय ब्योरे का सारांश भी अलग से जारी कर यह बताने की कोशिश की कि उसके पास समुचित नकदी है और वह अपने कर्जों को चुकाने की क्षमता रखता है।

### कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 125 अरब डॉलर गिर चुका

गौतम अडाणी की अगुवाई वाला यह समूह 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से ही लगातार दबाव में है। हालांकि, समूह ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को झूठ बताते हुए उन्हें खारिज कर दिया लेकिन निवेशकों का भरोसा इससे प्रभावित हुआ है। पिछले तीन सप्ताह में समूह की कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 125 अरब डॉलर तक गिर चुका है।

## खाद्य सचिव चोपड़ा ने कहा, केंद्र खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचेगा

# खुले बाजार में बिक्री के बाद गेहूं के दाम करीब पांच रुपए किलो घटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि केंद्र के खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचने के फैसले के बाद थोक और खुदरा बाजारों में गेहूं की कीमतों में करीब पांच रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि दरों को कम करने के लिए यदि जरूरी हुआ, तो और कदम उठाए जाएंगे। चोपड़ा ने कहा कि सरकार गेहूं और आटे (गेहूं का आटा) की कीमतों पर बारीकी से नजर रख रही है और जरूरत पड़ने पर कीमतों को कम करने और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मुक्त बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत अधिक गेहूं की पेशकश करने सहित अन्य कदम उठाएगी।


### प्रतिबंध पिछले साल मई में लगाया गया

खाद्य सचिव ने कहा कि सरकार गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के किसी भी प्रस्ताव पर अभी विचार नहीं कर रही है। यह प्रतिबंध पिछले साल मई में गेहूं की खरीद में भारी गिरावट के बाद लगाया गया था। उन्होंने कहा, जनवरी में ओएमएसएस की घोषणा के बाद से गेहूं की कीमतें नीचे आ गई हैं।

- दरों को कम करने जरूरी हुआ तो और कदम उठाएं जाएगे
- गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने अभी कोई विचार नहीं
- थोक बाजारों में गेहूं 2,500 रुपए प्रति क्विंटल से भी कम चल रहा

## थोक और खुदरा बाजारों में पांच रुपए प्रति किलो की

**कीमतों में आएगी और गिरावट :** चोपड़ा ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में कीमतों में और गिरावट आएगी। उन्होंने कहा, 'भारत सरकार बहुत चिंतित है और स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है।' उन्होंने कहा, 'कीमतों को कम करने के लिए और जो भी कदम उठाने की जरूरत होगी।



### ई-नीलामी से आटा चक्की उपभोक्ताओं को बेचेगी सरकार गेहूं

पिछले महीने, सरकार ने गेहूं और गेहूं के आटे की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए ओएमएसएस के तहत अपने बफर स्टॉक से खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचने की योजना की घोषणा की थी। 30 लाख टन में से एफसीआई ई-नीलामी के माध्यम से आटा चक्की जैसे थोक उपभोक्ताओं को 25 लाख (2.5 मिलियन) टन गेहूं बेचेगा और दो लाख टन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को दिया जाएगा।

### केंद्र ने खत्म किया माल ढुलाई शुल्क

ओएमएसएस के तहत, केंद्र ने पिछले हफ्ते माल ढुलाई शुल्क को खत्म करने और ई-नीलामी के माध्यम से पूरे भारत में थोक उपभोक्ताओं को 2,350 रुपये प्रति क्विंटल के आरक्षित मूल्य पर अनाज बेचने का फैसला किया था। राज्यों को अपनी योजनाओं के लिए ई-नीलामी में भाग लिए बिना उपरोक्त आरक्षित मूल्य पर एफसीआई से गेहूं खरीदने की अनुमति है।

### खुदरा मूल्य भी गिरकर 2800 से 2900 रु. क्विंटल

विकल्पों में ओएमएसएस के तहत मात्रा को मौजूदा 30 लाख टन से बढ़ाना और आरक्षित मूल्य को कम करना भी शामिल है। इस मौके पर खाद्य सचिव ने कहा कि थोक मूल्य 3,000 रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर लगभग 2,500 रुपये प्रति क्विंटल रह गया है, जबकि खुदरा मूल्य 3,300-3,400 रुपये प्रति क्विंटल से घटकर 2,900 रुपये प्रति क्विंटल रह गया है।

### राज्यों को दिया जा रहा रियायती दर पर गेहूं

*गेहूं को आटे में बदलने के लिए संस्थानों और राज्य-पीएसयू को तीन लाख टन गेहूं रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। देशभर में बुधवार को 15 लाख टन गेहूं की दूसरे दौर की नीलामी हो रही है। सरकार ने हाल ही में नेफेड और केंद्रीय भंडार जैसे संस्थानों के लिए गेहूं को आटे में परिवर्तित करने और उपभोक्ताओं को 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने के लिए कीमतों को 23.50 रुपये से घटाकर 21.50 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है।*

## अड्डा-52 चैंपियंस लीडरबोर्ड (एसीएल) 2.0 के अंतिम दौर में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के ऑनलाइन पोकर डेस्टिनेशन, अड्डा52.कॉम ने गोवा में अड्डा-52 चैंपियंस लीडरबोर्ड (एसीएल) 2.0 के 9 फाइनलिस्टों का स्वागत करने की तैयारी पूरी कर ली है। साल भर चलने वाले लीडरबोर्ड का समापन 31 दिसम्बर, 2022 को हुआ था और अब 19 फरवरी 2023 को डेल्टिन रॉयल, गोवा में जोश से भरपूर पोकर फिनाले में 9 खिलाड़ी विजेता के खिताब के लिए मुकाबला करेंगे। ये 9 खिलाड़ी दिल्ली, कानपुर, हरियाणा, पुणे और गोवा से हैं। विजेता को 20 लाख रुपये के कॉन्ट्रैक्ट के साथ अड्डा52 गेम एम्बेसडर के खिताब से नवाजा जाएगा। दिल्ली से पोकर खिलाड़ी - हर्ष डेंबला, करण राडिया, अशित शर्मा और अर्श ग्रोवर ने अंतिम चरण के लिए क्वालीफाई किया। फिनाले के लिए क्वालिफाई करने वाले दिल्ली के पहले व्यक्ति 32 वर्षीय बिजनेस प्रोफेशनल हर्ष डेंबला थे। उनके इस पैशन को पूरा करने में उनके परिवार ने हमेशा उनका साथ दिया है।

- -दिल्ली, कानपुर, हरियाणा, पुणे और गोवा के 9 फाइनलिस्ट अड्डा52 गेम एम्बेसडर के खिताब और 20 लाख रुपये के कॉन्ट्रैक्ट के लिए 19 फरवरी को फाइनल टेबल में मुकाबला करेंगे

### रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 82.82 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 82.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। जनवरी में व्यापार घाटा कम होने के बाद रुपये ने अपने कुछ शुरुआती नुकसान की भरपाई की।

**PUBLIC NOTICE**

**TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN**

My-Client-Shri Shyam Lal S/o: Bihari Lal R/o: H.No. A-48, First Floor, Kh No.-28/16/7, Sangwan Hospital, Kunwar Singh Nagar, Nangloi, West Delhi, Delhi-110041, has broken all his family ties with his Son- Kartik Kangotra, due to his continued criminal activities and who is beyond his control andtherefore, he has disowned and disinherited him from all his moveable and immoveable properties and anyone dealing with them, shall do so at his/her own risk.

**SUVRAT SINGH TOMAR**

# सेंसेक्स 243 अंक चढ़ा, निफ्टी 18,000 के पार

- पेट्रोलियम, आईटी, वाहन शेयरों में रही खरीदारी
- वैश्विक स्तर पर मिला जुला रुख कायम रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा और वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पेट्रोलियम एवं चुनिंदा बैंक शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 243 अंक के लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 242.83 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,275.09 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 86 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,000 अंक के ऊपर 18,015.85 अंक पर बंद हुआ।

**इन शेयरों में रही तेजी:** सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 5.79 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, कोटक बैंक, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन में भी तेजी रही।

**ये रहे नुकसान में:** दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे ज्यादा 1.22 प्रतिशत नीचे आया। आईटीसी, सन फार्मा, एलएंडटी, एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक और इंडसइंड बैंक भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### कल को समृद्ध करें

**गुरुग्राम।** शिक्षा में क्रांति लाने के मिशन के साथ एक एनजीओ बनाने के लिए विविध पृष्ठभूमि वाले भावुक व्यक्तियों का एक छोटा समूह एक साथ आया। हमारा लक्ष्य ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से भूगोल और जनसांख्यिकी की बाधाओं को तोड़ना और सीखने और सिखाने के समान अवसर प्रदान करना है। एनरिच टुमॉरो मूल्य प्रणाली सच्चाई, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के इर्द-गिर्द घूमती है। हम जो कुछ भी सोचते हैं हम कहते हैं और जो कुछ भी हम कहते हैं, हम करते हैं। हम युवा नागरिकों को आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे आगे के जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। अपनी लाइव ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से हम युवा नागरिकों में आत्मविश्वास भर रहे हैं।

### हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च किया हाई-टेक 110 सीसी स्कूटर - जूम

**नई दिल्ली।** मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने आज नया 110 सीसी स्कटर-जूम लॉन्च किया है। हीरो मोटोकॉर्प स्कूटर की श्रेणी को फिर से परिभाषित कर रही है और इसने स्कूटर सेगमेंट में तकनीक से लैस अपने सफर के नए चरण को पेश किया है।जूम स्कूटर समकालीन डिजाइन के साथ जबर्दस्त रफ्तार, बेमिसाल चपलता और असाधारण परफॉर्मेंस उपभोक्ताओं को प्रदान करता है।हीरो जूम की 110 सीसी श्रेणी में एक नया रूप और डिजाइन पेश किया गया है। इंडस्ट्री में और सेगमेंट में पहली बार नए फीचर्स, बड़े और चौड़े टायर और 110 सीसी सेगमेंट में तेज रफ्तार के साथ यह स्कूटर अपने ओनर्स को बेमिसाल गतिशालता के अनुभव की गारंटी देता है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के तहत तिलक ब्रिज पर कंक्रीट एप्रन पाथवे और वाटरिंग सुविधा का निर्माण। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 2,12,42,486.01/- (रूपये दो करोड़ बारह लाख बयालीस हजार चार सौ छियासी और एक पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 2,56,200/- (रूपये दो लाख छप्पन हजार दो सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 10.03.2023 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 20536203 |

- ठेकेदारों को ई-टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128-W/280/इ-निविदा सूचना/112-2022-23/W-3 दिनांक: 14.02.2023 465/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**टॉवर**

☞ भारत मोबाइल टॉवर भारत की नं.1 कंपनी द्वारा अपनी खाली जमीन, खेत, छत पर सभी कंपनियों के 4G/5G मोबाइल टॉवर लगवाएं और पाएं एडवांस 70,00,000/- किराया 25,000/- नौकरी वेतन 30,000/- हेल्पलाइन नंबर # 08318960737

**जॉब**

☞ जिलानुसार सरकारी नौकरी वनविभाग में सीधी भर्ती 1550 सीट लड़के-लड़कियां, पद- वनरक्षक, सिपाही, क्लर्क, फिल्ड ऑफिसर, योग्यता 8वीं-ग्रेजुएट सैलरी 28500-45500/- आवेदनकर्ता अपना आधारकार्ड, मार्कशीट WHATSAPP करें:- 8337863572

## 15 फरवरी से 17 फरवरी तक हैक के आरएमयू 2.0 का आयोजन

**नई दिल्ली।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, गुड़गांव 15 फरवरी से 17 फरवरी 2023 तक हैक के आरएमयू 2.0 का आयोजन कर रहा है। हैक केआरएमयू 2.0 छात्रों को सहयोग करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और नई तकनीकों को सीखने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। टीमें कई तरह की परियोजनाओं पर काम करेंगी और उद्योग के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगी, जिससे उनके लिए व्यावहारिक अनुभव हासिल करने और अपने कौशल विकसित करने का यह एक शानदार अवसर बन जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. डॉ. वी.सी. दुबे ने किया। इस मेगा आयोजन में पूरे भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 200 से अधिक छात्र भाग ले रहे हैं। देव-फोलियो और अन्य आईटी उद्योगों के विशेषज्ञों द्वारा कई सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को कोड करने के लिए समस्या विवरण वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. श्वेता बंसल, डॉ. अमर सारस्वत और डॉ. कृति शर्मा ने किया है।हैक में KRMU 2.0 छात्रों, प्रोग्रामरों और उद्यमियों को इस कार्यक्रम में अपनी क्षमताओं और अवधारणाओं को प्रस्तुत करने और वास्तविक दुनिया में मौजूद समस्याओं के मूल समाधान के साथ आने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) | सॉफ्टवेयर एआरसी जीआईएस को खरीदने हेतु ई-निविदा। | 14.02.2023 24.02.2023 | 10 लाख | www.etenders.hry.nic.in | 9996123005 kokilamalik@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2023/40/15718/I/88/7 दि. 15.02.23

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र, जिला चरखी दादरी में सम्पर्क सड़कों अर्थात गांव मंदोला से कलाली और झोझूकलां से बिजना की वार्षिक मरम्मत + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.02.2023 | 20.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 eebhiwani2023.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2023/40/15731/I/88/7 दि. 15.02.23

## राशिफल


**मेष** मन थोड़ा परेशान हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार को गति मिलेगी। उर्वरक एवं रसायन आदि के कारोबार में लाभ की प्राप्ति हो सकती है।


**वृष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। स्वर्ण एवं वस्त्रों के कारोबार में लाभ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**मिथुन** कारोबार के प्रति सचेत रहें। कोई नया कारोबार या कारोबार के विस्तार से बचें। आय में भी कमी आ सकती है। यात्रा कष्टमय हो सकती है।


**कर्क** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे।स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**सिंह** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा, परन्तु कारोबार के प्रति सचेत रहें। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी।


**कन्या** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश भी जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


**तुला** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से किसी नये कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। लाभ के स्रोत बनेंगे।


**वृश्चिक** आत्मविश्वास बहुत रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** नौकरी में विदेश जाने के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** बातचीत में सन्तुलित रहें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।


**कुंभ** मन प्रसन्न भी रहेगा। परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**मीन** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्चशिक्षा के लिए विदेश जा सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5068



**बाएँ से दाए**
1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली- 5067 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5073

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5072 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |